दैनिक
# न्याय साक्षी

## खबरें खास

रायगढ़, गुरुवार 14 मार्च 2019
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### नामांकन के समय चार व्यक्ति ही रह सकेंगे उपस्थित

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यशवंत कुमार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने आदर्श आचरण संहिता के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी यशवंत कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है एवं धारा 144 लागू हो गई है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल सार्वजनिक संपत्ति पर लगे बैनर पोस्टर हटा दें। किसी कि भी निजी संपत्ति उसके भू-स्वामी की अनुमति तथा लिखित सहमति के बिना झण्डा, पोस्टर बैनर न लगायें एवं इसकी सूचना एआरओ को दें। उन्होंने बताया कि नामांकन के समय 4 व्यक्ति ही उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान पर्ची पहचान पत्र के रूप में उपयोग नहीं किया जा सकेगा। फोटोयुक्त मतदाता पर्ची का उपयोग मात्र मतदाता सूची में मतदाता के नाम एवं सरल क्रमांक ढूंढने के लिए उपयोग में लाया जाएगा। किसी भी दशा में फोटोयुक्त मतदाता पर्ची का उपयोग मतदान करने हेतु परिचय पत्र के रूप में नहीं किया जाएगा।

**लोकसभा निर्वाचन-2019**

### नाम निर्देशन से संबंधित कार्य हेतु कलेक्ट्रेट में कक्ष क्रमांक 2 निर्धारित

रायगढ़। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन 2019 हेतु आचार संहिता लागू की जा चुकी है। लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 02-रायगढ़ (अजजा) के लिए कलेक्टर रायगढ़ यशवंत कुमार को रिटर्निंग आफिसर बनाया गया है। रिटर्निंग आफिसर के द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति, संवीक्षा एवं वापसी तथा नाम निर्देशन से संबंधित अन्य कार्य हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 2 को निर्धारित किया गया है।

### सामान्य अंग्रेजी परीक्षा में 20011 परीक्षार्थी हुए शामिल

रायगढ़। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के द्वारा आज हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2019 (कक्षा 10 वीं) के सामान्य अंग्रेजी विषय में विद्यार्थियों की कुल दर्ज संख्या 20571 थी। जिनमें 20011 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 566 अनुपस्थित रहे।

### हफ्ते भर में होगा उम्मीदवारों का एलान, 28 से नामांकन

**होली के बहाने चढ़ेगा चुनावी रंग, ढोल नगाड़ों पर आयोग की नजर**

रायगढ़। लोकसभा चुनाव के लिए हफ्ते भर में पार्टियां अपने उम्मीदवारों का एलान कर देंगी। चुनाव के लिए 28 से मार्च से नामांकन शुरू होना है लेकिन आचार संहिता के दौरान होली का त्यौहार आ जाने के कारण ढोल नगाड़ों को लेकर आयोग अलर्ट हो गया है और होली के बहाने चुनावी रंग बिखेरने वालों पर निर्चाचन आयोग की नजर रहेगी। दीपावली त्यौहार के बाद अब रंगों का पर्व होली भी आचार संहिता के दायरे में आ गया है। विधानसभा चुनाव के दौरान दीपावली के त्यौहार ने आयोग का टेंशन और पार्टियों का खर्च बढ़ाया था तो वहीं इस बार होली भी लोकसभा चुनाव की आचार संहिता से बंध गई है। आमतौर पर होली के लिए हफ्ते भर पहले से ही फाग की धुनों एवं ढोल नगाड़ों से गली मोहल्लों में खुशियां मनाई जाती है लेकिन होली के इस रंग में चुनावी रंग मिलाने के लिए पार्टियां एवं उम्मीदवार अपने प्रचार प्रसार का कोई रास्ता नहीं छोड़ना चाहेंगी। इसलिए आयोग ने जिला प्रशासन को इस पर नजर रखने कहा है। आचार संहिता के दौरान ही होली आने के कारण पुलिस के लिए सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बना पाना चुनौती हो गया है।

# तू मेरी नहीं तो किसी की नहीं कहकर युवक ने मार दिया चाकू, युवती की हालत नाजुक

**सिरफिरे युवक ने रविवार को बैठक में मांगी माफी, सोमवार को किया हमला**

रायगढ़। सिरफिरे प्रेमी ने कथित प्रेमिका को चाकू मारकर लहूलुहान कर दिया है। जिसमें युवती की हालत नाजुक बनी हुई है। युवती को मालखौरदा से रिफर कर शहर के संजीवनी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। जहां युवती आईसीयू में है।

मिली जानकारी के मुताबिक मुकेश साहू पिता अमर साहू उम्र 22 वर्ष ग्राम बड़े सीपत थाना मालखौरदा गांव का रहने वाला सिरफिरा युवक युवती से चैटिंग करता था, दो दिन पूर्व युवती को मैसेज के माध्यम एकतरफा प्यार का इजहार किया था। साथ ही पूर्व में भी कई बार उक्त कृत्य को कर चुका है। इसमें कई बार रास्ता रोककर छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दे चुका है। जिस पर युवती के परिजन ने युवक की इस हरकतो से तंग आकर गांव में रविवार को सामाजिक बैठक में छेड़छाड़ व परेशान किये जाने की बात सभी के समक्ष रखे। इस पर युवक मुकेश साहू माफी मांगती हुए इस तरह की गलती दोबारा नही होने की बात कही। वही सोमवार सुबह युवती के माता पिता खेत मे काम करने गए थे। इस दौरान सुने पन का लाभ उठाते हुए युवक युवती के घर चला गया, इस बीच युवक ने पुनः एकतरफा इश्क इजहार किया। जिसे युवती ने पुनः इनकार कर दिया।

इस पर आगबबूला होकर युवक ने सब्जी काटने वाले चाकू से युवती पर हमला कर दिया। बीच बचाव के दौरान उसके हाथ मे भी चोट लग गई। बताया यह भी जा रहा है कि युवक ने घटना के बाद खुद पर भी चाकू से ताबड़तोड़ वार किया है जिसे बिलासपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बहरहाल मामले में पुलिस जांच में जुट गई हैं।

## झारखंड के ईंट भट्टे में बंधक 20 मजदूरों को जिला पुलिस ने कराया मुक्त

रायगढ़। खरसिया तहसील के ग्राम गाडाबोरदी व पड़ोसी जिला जांजगीर के विभिन्न स्थानों से ईट भट्ठे में काम करने के लिए झारखंड के जमशेदपुर जिला अंतर्गत बारांबाकी में मुन्ना ईट भट्ठा में काम करने गए थे। जहां ईंट भट्टे में लगे मजदूरों को लगभग साढे 3 महीने बिना मजदूरी भुगतान किए काम कराए जाने व शारिक रूप से प्रताड़ित करते थे। इसकी शिकायत बंधक बने लोगो ने परिजन द्वारा खरसिया थाने में व मंत्री उमेश पटेल तक संदेश पहुंचाए थे। जिस पर खरसिया विधायक एवं रायगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री उमेश पटेल के निर्देश पर रायगढ़ कलेक्टर यशवन्त कुमार एवं पुलिस कप्तान राजेश अग्रवाल के द्वारा एक टीम बनाकर उक्त मजदूरों को बंधक मुक्त कराने झारखंड भेजा गया था ।



## मांदर की थाप एवं कर्मा नृत्य की झंकार के साथ धूमधाम से निकली





रायगढ़। देवांगन समाज की कुलदेवी मां परमेश्वरी उत्सव के अवसर पर आज शहर में जोर-शोर व आतिशबाजी के साथ बूढ़ी माई की भव्य कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल नयनाभिराम झांकी में 9 छोटी बच्चियां मां दुर्गा के नौ रूप में सजी तथा भगवान शंकर-पार्वती, राधा-कृष्ण, राम-लक्ष्मण, सांई दरबार एवं कई छोटे बच्चे अलग-अलग रूपों में भगवान के छवि में नजर आ रहे थे। इसी के साथ रोड शो के दौरान छोटी बच्चियां मां दुर्गा के नौ रूपों में नृत्य करते हुए महिषासुर का वध करना एवं राधा-कृष्ण का डांस शहर के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा। इसी तरह कर्मा नृत्य की झंकार एवं समाज के सेवक पार्टी द्वारा सेवा गीत के साथ मांदर की थाप ने दर्शकों का मनमोह लिया। इस कलश यात्रा में देवांगन समाज के सीताराम देवांगन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिन्होंने सभी बच्चे एवं बच्चियों को भगवान के वेशभूषा में आकर्षक ढंग से सजाया था। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी फाल्गुन माह के तीसरे मंगलवार आज 12 मार्च को देवांगन समाज की कुल देवी माता परमेश्वरी (कालरात्रि)पूजा व श्री बूढ़ी माई पूजन उत्सव बड़ी आस्था, उल्लास, हर्ष और उमंग के साथ संपन्न हुआ। कलश यात्रा आज प्रातः 9 बजे स्थानीय देवांगन धर्मशाला से निकलकर विभिन्न मार्गो से होते हुए करबला तालाब स्थित मां बूढ़ी माई मंदिर पहुंची। तत्पश्चात मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद कलश यात्रा पुनः देवांगन धर्मशाला प्रस्थान किया।

## चोरी लूट के आरोपी बेखौफ बढ़ता अपराध पुलिस कप्तान ने लगाई बैठक में फटकार



रायगढ़। जिले में पुलिसिंग कसावट व लोकसभा चुनाव आचार संहिता, चुनाव में प्रचार करने आये पार्टी नेताओं के वीआईएपी आगमन, आपरेशन मुस्कान, शिकायत लंबित मर्ग, व रंगों का पर्व के मद्देनजर जिला पुलिस कप्तान ने जिले के तमाम पुलिस अधिकारियों की कंट्रोल रूम में बैठक ली। पुलिस कप्तान राजेश अग्रवाल ने थाने में दर्ज अपराध के लंबित होने को लेकर बैठक में सभी अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई हैं। जिसमें चोरी लूट के वारदात में आरोपियों की धरपकड़ नही होने से कोतवाली, खरसिया, पूंजीपथरा सहित जिले के कुछ अन्य टीआई के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कड़ी फटकार लगाने के साथ जल्द से जल्द लंबित प्रकरणों का निपटारा करने की हिदायत दिये है। विदित है कि शहर व ग्रामीण अंचल में महिला अपराध व चोरी लूट लंबित प्रकरणों में इजाफा हुआ है। इससे पुलिस विभाग की काफी किरकिरी हुई है इसके अलावा आने वाले दिनों में रंगों का पर्व है, वही इस पर्व में शराब के नशे में जकमर हुड़दंग किया जाता है इन पर नकेल कसने धरकपड़ करने की बात कही गई है।

चुनाव आचार संहिता का शत प्रतिशत पालन के लिए सभी थानेदारो को किसी भी तरह का हिलहवला बर्दाशत नही करने की बात कही गई है । साथ ही चुनाव प्रचार से लेकर काउंटिंग व सुरक्षा, विवाद की स्थिति पर निपटने के लिए कई तरह के सुझाव दिए गए है।

## मतदान अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति स्मार्ट फोन से होगी दर्ज



रायगढ़। लोकसभा निर्वाचन के सुचारू संपादन के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यशवंत कुमार ने एनआईसी कक्ष में निरीक्षण करके पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी 1, 2, 3 का प्रथम रेण्डमाईजेशन का अवलोकन किया।

मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण 15 मार्च से 20 मार्च तक विधानसभावार आयोजित किया जा रहा है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

**CAREER SCHOOL**
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ
**ADMISSION OPEN**
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
Topper Students Last Session



Akanksha 90% Geetanjali 99% Chetna 94% Arpita 93% Arpita 98% Rakesh 97% Sejal 88% Shiva 97% Ashish 96% Ankita 99%
Join CAREER...

**Major Facts**
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

**तत्काल आवश्यकता है**
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480